GREENLAWNS HIGH SCHOOL
FINAL EXAMINATION YEAR 2018

SUBJECT : HINDI
TIME : 2 HRS

CLASS : V
MARKS :80

---

**सूचना** – भाग 'अ' तथा 'ब' के सभी प्रश्नों के उत्तर विद्यालय द्वारा दी गई उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। भाग 'स' तथा 'द' के उत्तर प्रश्नों के आगे दिए खाली स्थान पर लिखकर अपनी उत्तर पुस्तिका में जोड़ दीजिए।

## भाग - 'अ'

प्रश्न १. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। (१०)

१) गणतंत्र दिवस
२) विद्यार्थी और अनुशासन
३) मेरा परिवार
४) मेरी पहली रेलयात्रा

प्रश्न २. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। (७)

१) मित्र को अपनी बहन के विवाह पर निमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

२) विदयालय की क्रिकेट टीम में शामिल होने की प्रार्थना करते हुए प्राधानार्या जी को पत्र लिखिए।

प्रश्न ३. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (८)

पहाड़ी गाँवों में अक्सर बाघ का डर बना रहता है। जंगल कटने के कारण शिकार की तलाश में बाघ कभी-कभी गाँव तक पहुँच जाता है। गेंवली गाँव में एक बार यही हुआ। एक बाघ ने गाँव में घुसकर एक गाय को मार डाला। सुबह होते ही यह खबर पूरे गाँव में फैल गई। गाँव के लोग डरे कि यह बाघ कहीं फिर से आकर दूसरे पालतू जानवरों और किसी आदमी को ही अपना शिकार न बना ले। गाँव के लोग गोपाल आश्रम गए और उन लोगों ने मीरा बहन को अपनी चिंता बताई।

गाँव के लोगों ने अंत में तय किया कि बाघ को कैद कर लिया जाए। उसे कैद करने के लिए उन्होंने एक पिंजड़ा बनाया। पिंजड़े के अंदर एक बकरी बाँधी। योजना यह थी कि बकरी का मिमियाना सुनकर बाघ पिंजडें की तरफ आएगा। पिंजड़े का दरवाजा इस प्रकार खुला हुआ बनाया गया था कि बाघ के अंदर घुसते ही वह दरवाजा झटके से बंद हो जाए।

शाम होने तक पिंजड़े को ऐसी जगह पर रख दिया गया जहॉं बाघ अक्सर दिखाई देता था। यह जगह मीरा बहन के गोपाल आश्रम से ज्यादा दूर नहीं थी। रात बीती। सुबह की रोशनी होते ही लोग पिंजड़ा देखने निकल पड़े। उन्होंने दूर से देखा कि पिंजड़े का दरवाजा बंद है। वे यह सोचकर बहुत खुश हुए कि बाघ जरूर पिंजड़े में फँस गया होगा लेकिन जब वे पिंजड़े के पास पहुँचे तो क्या देखते हैं पिंजड़े में बाघ नहीं था!

१) बाघ गाँव में क्यों आ जाते थे? (१)
२) बाघ ने किसे मार डाला था? (१)
३) लोगों ने किसे अपनी चिंता बताई? (१)
४) पिंजड़े के अन्दर किसे बाँधा गया था? (१)
५) मीरा बहन कहाँ रहती थी? (१)
६) पिंजड़े के पास पहुँचकर लोगों ने क्या देखा? (१)
७) पिंजड़े का दरवाजा कैसा था? (१)
८) पिंजड़े को कहाँ रखा गया था? (१)

## भाग - 'ब'

### (पुस्तक – मुक्ता)

प्रश्न ४ अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (१५)

१) भरती करते समय कर्नल ने युवक से क्या कहा ?

२) महात्मा ने तपोदत्त को सीख देने के लिए क्या किया ?

३) व्यापारी ने बेटे से रुपया कुएँ में क्यों डलवा दिया ?

४) पंक्ति 'न अन्न वीर वस्त्र हो' का क्या अर्थ है ?

५) भगवान विष्णु ने महाबलि की परीक्षा कैसे ली ?

### (पुस्तक – मधुकलश)

प्रश्न ४. ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (६)

१) मर्यादाराम ने क्या फैसला सुनाया ?

२) दासों का जीवन कैसा था ?

३) बिल्ली की टूटी टाँग को ठीक करने के लिए क्या किया गया ?

**(सूचना – इस भाग के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्न-पत्र में ही लिखिए।)**

नाम ———————————————————- कक्षा ———— अनुक्रमांक ————

**भाग – स**

प्रश्न ५. दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। (५)

१) तपोदत्त ने बचपन में कौन-सा काम नहीं किया?

उत्तर – ____________________

२) बेटे को माँ के लिए किस बात की चिंता थी?

उत्तर- ____________________

३) 'ओणम' भारत के किस राज्य में मनाया जाता है?

उत्तर – ____________________

४) व्यापारी का बेटा क्यों बिगड़ गया?

उत्तर – ____________________

५) हमें स्वतंत्रता का मोल कैसे चुकाना चाहिए?

उत्तर- ____________________

प्रश्न ६. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (२)

१) भगवान विष्णु ने __________ का अवतार धारण किया।

२) __________ व्यक्ति का जीवन भी कोई जीवन होता है?

३) पिता के पैसे वह __________ की तरह बहाता था।

४) मैं उस माता को सिर झुकाकर __________ देता हूँ।

प्रश्न ७. निम्नलिखित वाक्य सही है या गलत लिखिए। (२)

१) तपोदत्त के मित्रों ने भी पढ़ाई-लिखाई नहीं की। ______________________

२) केकौटि्टकली एक विशेष प्रकार का नाटक है। ______________________

३) 'आजाद हिंद फौज' का गठन गांधीजी ने किया। ______________________

४) व्यापारी बहुत धनवान हो गया। ______________________

प्रश्न ८. निम्नलिखित वाक्य किसने-किससे कहे लिखिए। (४)

१) पुत्र! तू विद्यालय क्यों नहीं जाता?

______________________ ने ______________________

२) "आज तुमने क्या कमाया है?"

______________________ ने ______________________

३) जरूर माँ! मैं ऐसा ही करॅंगा, तू चिंता न कर।

______________________ ने ______________________

४) "क्या मैं आपका सूटकेस पहुँचा दूँ?"

______________________ ने ______________________

प्रश्न ९. निम्नलिखित पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए। (४)

धरती से ______________________

______________________

______________________

______________________ले लें।।

प्रश्न १० दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए। (२)

१) पाताल - ______________ २) सुधा ______________

३) योजना - ______________ ४) बलिष्ठ - ______________

**भाग –द**

१) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (२)

१) घोड़ा - ______________ ______________

२) सेना - ______________ ______________

२) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (१)

१) सभ्य x ________ २) राजा x ________

३) निम्नलिखित वाक्यों में से कारक पहचानकर उनके भेद लिखिए। (२)

१) रोहित ने अंकित को उपहार में घड़ी दिया।

उत्तर - ________

२) अरे ! यह क्या लाए ?

उत्तर ________

४) निम्नलिखित शब्दों के विशेषण शब्द बनाइए। (२)

१) राष्ट्र- ________ २) गुण - ________

३) भाग्य - ________ ४) ज्ञान - ________

४) निम्नलिखित वाक्यों के भेद पहचानकर लिखिए।(रचना के आधार पर) (२)

१) रमेश जयपुर में रहता है।

________

२) वह सुबह गया और शाम को लौट आया।

________

प्रश्न ६. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। (२)

१) कम खानेवाला - ________

२) संगीत का ज्ञान रखनेवाला - ________

प्रश्न ६. मुहावरों का अर्थ लिखिए। (२)

१) ठन-ठन गोपाल - ________

२) बाग-बाग होना - ________

प्रश्न ८. रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य को फिर से लिखिए। (२)

१) वह बालक सुंदर है।

________

२) अध्यापक पढ़ा रहे हैं।

________